प्रेस नोट **10.09.2023**

20.70 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक महिला गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.09.2023 को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नसोपुर से सपना उर्फ रिंकू पत्नी आनन्द निवासी नसोपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ के कब्जे से 20.70 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्ता के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 323/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

एक वांछित तथा 03 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 10.09.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संस्कृत पाठशाला के पास से मु0अ0सं0 317/23 धारा 363,366,376 भादवि0 व धारा 3/4 पोक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त शोभित पाण्डेय पुत्र टूनटून पाण्डेय निवासी मठिया टोला थाना कोतवाली तथा थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त जगदीश, वागेश पुत्रगण बलिराम, रविन्द्र पुत्र पतिराम निवासीगण उम्मनपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

एच्छिक ब्यूरों के प्रयास से 04 दंपत्ती साथ साथ रहने को हुए राजी, 50 मामलों में से 12 मामलों का हुवा निस्तारण–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में आज दिनांक 10.09.2023 को महिला एच्छिक ब्यूरों की बैठक पुलिस लाइन सभागार में सम्पन्न हुयी। इस दौरान ब्यूरों के समक्ष कुल 50 मामले जिसमें सदस्यों के प्रयास से 12 मामलों का निस्तारण किया गया। चार दंपति क्रमशः रामावती/अनिल, सरिता/समीर, किरण/अमर सिंह, कंचन/रजनीश द्वारा आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के साथ खुशी–खुशी रहना स्वीकार्य किया। चार मामलों में प्रार्थी पक्ष की उदासीनता से फाइल बन्द हुई। चार मामलों में एफआईआर का निर्णय लिया गया। शेष मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरों की अगली तारीख 24.09.2023 दी गयी। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद, इब्राहिम सेवक, महिला आरक्षी पुष्पा, महिला आरक्षी किरण तथा महिला आरक्षी पूनम उपस्थित रही।